आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर हुई चर्चा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वंदे मातरम् के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर, मुरादाबाद और आगरा मंडलों में पार्टी पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक। एसआईआर अभियान में सहयोग पर दिया जोर।
- अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की बिक्री मामले में पांच प्रमुख स्टॉकिस्ट्स चिन्हित। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा– दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई।
- लखनऊ–सहारनपुर के बीच आज से नियमित रूप से चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस।

**********

लोकसभा में कल राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय गीत, बंकिमचंद्र चटर्जी ने वर्ष अठारह सौ पचहत्तर में लिखा था। चर्चा की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी। उन्होंने कहा इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् का स्मरण इस सदन के सभी सदस्यों और देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है।

**भारत हर चुनौतियों को पार करने में सामर्थ है। वंदे मातरम के भाव की वो ताकत है, वंदे मातरम ये सिर्फ गीत या भाव गीत नहीं, ये हमारे लिए प्रेरणा है। राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के लिए हमें झकझोरने वाला काम है और इसलिए हमें निरंतर इसको करते रहना होगा। हम आत्मनिर्भर भारत का सपना लेकर के चल रहे इसको पूरा करना है। वंदे मातरम हमारी प्रेरणा है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सहारनपुर, मुरादाबाद और आगरा मंडलों के विभिन्न जनपदों के जिला प्रभारी, पार्टी पदाधिकारी और जन–प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक की। एक रिपोर्ट

**बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने एसआईआर को शत–प्रतिशत पूरा करने के लिए पार्टी के जन–प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से टोलियां बनाकर घर–घर जनसंपर्क का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आम जनता के लिए एसआईआर अति महत्वपूर्ण विषय है। इस अभियान से फर्जी वोटरों के नाम हटाने में मदद मिलेगी और पारदर्शी तरीके से मतदाता सूची तैयार हो सकेगी। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

कल जौनपुर पहुंचे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी पत्रकारों से बात करते हुए एसआईआर की महत्ता की जानकारी दी।

**हमारे कार्यकर्ता भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक काम कर रहे हैं और हर स्थिति में शुचिता पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची बने और लोकतंत्र की शुचिता बनी रहे जैसे मन की शुद्धता के लिए योग की आवश्यकता है, वैसे ही लोकतंत्र की शुचिता के लिए एसआईआर की आवश्यकता है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर दौरे पर आ रहे हैं। वह गोरखपुर के सैनिक स्कूल में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ– सीडीएस स्वर्गीय बिपिन रावत की स्मृति में बने ऑडिटोरियम का उद्घाटन और उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पिपरौली ब्लॉक के नरकटहा में पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के राजकीय आईटीआई का भी लोकार्पण करेंगे।

**********

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि हवाई यात्रा की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उड़ान ड्यूटी समय सीमा– एफडीटीएल दिशा–निर्देशों के कार्यान्वयन पर श्री नायडू ने राज्यसभा को बताया कि सरकार कई उड़ानों के रद्द होने की स्थिति की जांच कर रही है।

**हम इसे हल्के में नहीं ले रहे हैं। हम जांच कर रहे हैं और कडी कार्रवाई करेंगे। अगर नागर विमानन में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति, संस्था या किसी भी संचालक द्वारा कोई भी नियम तोड़ा जाता है, तो हम बहुत सख्त कार्रवाई करेंगे ताकि हम इंडस्ट्री में एक मिसाल कायम कर सकें।**

श्री नायडू ने बताया कि सरकार ने कुछ उड़ानों के रद्द होने और क्षमता की कमी के कारण उत्पन्न स्थिति को देखते हुए पूरे देश में हवाई किराए की सीमा तय कर दी है। सरकार ने दूरी के आधार पर चार मूल्य निर्धारण स्लैब बनाए हैं। इस बीच, इंडिगो ने कल कहा कि आठ सौ सत्ताइस करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस कर दी गई है और शेष राशि पंद्रह दिसम्बर तक वापस कर दी जाएगी। यात्रियों को चार हजार पांच सौ से अधिक बैग सौंप दिए हैं और शेष छत्तीस घंटों में सौंप दिए जाएँगे।

**********

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री पर पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में पांच प्रमुख स्टॉकिस्ट को चिन्हित किया गया है और बत्तीस लोग गिरफ्तार किये गये हैं।

**कई तरीके की उसमें फ्रॉडुलेंट एक्टिविटीज, जालसाजी, फोर्जरी के एविडेंस सामने आए। ऐसे कुल पांच प्रमुख सुपर स्टॉकिस्ट जो है जो इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त थे, उनको चिन्हित किया गया है। उसमें से तीन जो है वह अरेस्ट हो चुके हैं। दो और जो सुपर स्टॉकिस्ट हैं, उनके खिलाफ भी साक्ष्य संकलन की और आगे की कार्रवाई चल रही है। इनसे करीब अभी तक जो यह रिकवरी हुई है, करीब 3.5 लाख बोतलों की रिकवरी हुई है।करीब 4.5 करोड़ के आस–पास और इसमें जो आगे के डायवर्जन के अवैध व्यापार के जो साक्ष्य मिले हैं, उनपर जो इनके आगे की कार्यवाही है, वह चल रही है। अभी तक टोटल मिलाकर के करीब 32 लोग और अरेस्ट किए गए हैं जो कि इसी इलीगल धंधे से जुड़े हुए हैं।**

**********

प्रदेश के उद्यान और कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कल लखनऊ में मखाना विकास योजना के शुभारम्भ की घोषणा की। श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश के कई जिले मखाना की खेती के लिए उपयुक्त हैं। उन्होने कहा कि केंद्र से कार्ययोजना के लिए मिले एक सौ अट्ठावन लाख रूपये मखाना की खेती के लिए तालाबों के चयन, निर्माण और प्रशिक्षण कार्य पर खर्च किये जायेगें।

**मखाना की खेती केवल बिहार राज्य तक ही सीमित थी और अब उत्तर प्रदेश सहित कुछ अन्य राज्यों को भी इसके लिए चयनित किया गया है। पूर्वांचल के जनपद है जैसे कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, बलिया, महाराजगंज, वाराणसी बस्ती है। यह मखाना की खेती के लिए अधिक राज्य के हर जनपदों में मखाने की खेती बढ़े। राज्य के किसान इसको स्वीकार करें और करके अच्छी खेती करें। उसके बाद उस खेती को उस फसल को उस उपज को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हम अपने निर्यातकों को भी कर रहे हैं। मखाना के प्रसंस्करण के भी कौन–कौन से उद्योग हो सकते हैं। ऐसे उद्योगों की स्थापना की संभावना भी तलाश करके हम लोग प्रयास कर रहे हैं।**

**********

लखनऊ–सहारनपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस आज से नियमित रूप से चलेगी। इस ट्रेन का संचालन लखनऊ से सोमवार और सहारनपुर से मंगलवार को नहीं किया जाएगा। शेष दिन यह ट्रेन लखनऊ के गोमतीनगर स्टेशन से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर चलेगी। यह ट्रेन सहारनपुर से पांच बजकर पांच मिनट पर गोमतीनगर स्टेशन के लिए प्रस्थान करेगी।

**********

गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी में नोडल केंद्रों पर कल स्मार्ट इंडिया हैकथॉन की शुरुआत हुई। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कानपुर के पीएसआईटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकथॉन–2025 का शुभारंभ किया। यहां 11 राज्यों की 21 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान ने प्रबंध भवन में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन–2025 हार्डवेयर संस्करण के स्थानीय केंद्र का उद्घाटन किया, जिससे परिसर में नवाचार, रचनात्मकता और समस्या–समाधान के एक गतिशील सप्ताह की शुरुआत हुई। वहीं गाजियाबाद में स्थानीय सांसद अतुल गर्ग ने हैकथॉन का शुभारंभ किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में 26 टीमों के 188 छात्रों ने हिस्सा लिया। नोएडा में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के तहत दो नोडल केन्द्र बनाये गये हैं जहां नौ राज्यों की 26 टीमों के 156 प्रतिभागी सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिये गये वास्तविक समस्याओं के समाधान तलाशेंगे। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।**

**********

काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत कल वाराणसी में तमिलनाडु से आए कृषि दल ने नमो घाट पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। दल ने क्रूज़ के माध्यम से गंगा आरती और काशी के घाटों का अवलोकन भी किया।

काशी–तमिल संगमम के तहत कल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटी बीएचयू का भी दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आईआईटी के निदेशक नितीश सूरी ने किया। संगमम के तहत पत्रकारों, साहित्यकारों और सोशल मीडिया इंन्फ्लूएंसर के तीसरे जत्थे ने कल प्रयागराज का भी भ्रमण किया।

**********